# उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
# U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।

संख्याः 13–पारे0अनु0–16(ए)/पाट्राकालि–2017–10/2017 दिनांकः 04 जनवरी, 2018

## कार्यालय ज्ञाप

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा दिये गये आदेश के अनुपालन में विद्युत सेवा आयोग के पत्रांक 1642/विसेआ/12–2015 दिनांक 12.12.2017 एवं शुद्धि पत्र सं0 1679/विसेआ/12–2015 दिनांक 18.12.2017 द्वारा घोषित संशोधित चयन परिणाम के अनुक्रम में मुख्य अभियन्ता (हाइडिल), पाकालि के कार्यालय ज्ञाप सं0–04/अ–7/टी0जी0–2(वि0)/सीधी भर्ती, दिनॉक 01.01.2018 द्वारा उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 को आवंटित निम्नलिखित 13 टी0जी0–2 (विद्युत) (प्रशिक्षु) को स्तम्भ संख्या 6 में उल्लिखित क्षेत्र को उनकी नियुक्ति/तैनाती हेतु एतद्द्वारा आवंटित किया जाता है:–

| SL.No. | ROLL No. | APPL. No. | NAME | FATHER'S NAME | आवंटन का क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1 | 43612364 | 162010988 | ARUN KUMAR | CHAMAN LAL | मुख्य अभियन्ता, पारेषण (पश्चिम), मेरठ। |
| 2 | 43612438 | 162000509 | MADHO SINGH | RAM PAL SINGH | मुख्य अभियन्ता, पारेषण (पश्चिम), मेरठ। |
| 3 | 47129091 | 162022752 | MANOJ KUMAR | SATYAPAL | मुख्य अभियन्ता, पारेषण (पश्चिम), मेरठ। |
| 4 | 47129724 | 162000355 | ANAND PRAKASH | RAM NATH | मुख्य अभियन्ता, पारेषण (पश्चिम), मेरठ। |
| 5 | 45317729 | 162028986 | JITENDRA KUMAR | RAM SWAROOP | मुख्य अभियन्ता, पारेषण (पश्चिम), मेरठ। |
| 6 | 47129486 | 162017854 | VISHAL SHARMA | KALICHARAN SHARMA | मुख्य अभियन्ता, पारेषण (पश्चिम), मेरठ। |
| 7 | 49132178 | 162030962 | MANJEET VERMA | MANSHA RAM VERMA | मुख्य अभियन्ता, पारेषण (मध्य), लखनऊ। |
| 8 | 45317603 | 162012256 | ATUL KUMAR YADAV | KRISHNA YADAV | मुख्य अभियन्ता, पारेषण (मध्य), लखनऊ। |
| 9 | 45318066 | 162001567 | RAHUL AJNERIYA | DHYAN CHAND | मुख्य अभियन्ता, पारेषण (दक्षिण–मध्य), झांसी। |
| 10 | 45318660 | 162005809 | RAJESH KUMAR | BANWARI LAL | मुख्य अभियन्ता, पारेषण (दक्षिण–पश्चिम), आगरा। |
| 11 | 43107783 | 162021510 | DEEKSHA SONEE | RAKESH BABU VERMA | मुख्य अभियन्ता, पारेषण (दक्षिण–पश्चिम), आगरा। |
| 12 | 45318324 | 162004428 | AJEET KUMAR YADAV | RAM NIHAL YADAV | मुख्य अभियन्ता, संचार एवं नियंत्रण, लखनऊ |
| 13 | 49131346 | 162015500 | SIKANDAR YADAV | BANSH RAJ YADAV | मुख्य अभियन्ता, संचार एवं नियंत्रण, लखनऊ |

उपरोक्त टी0जी0–2 (विद्युत) (प्रशिक्षु) अभ्यर्थियों का आवंटन एवं उनके द्वारा तद्नुरूपता में कार्यभार ग्रहण करना निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन होगा:–

1. **आवंटनः**– मुख्य अभियन्ता द्वारा उपरोक्त टी0जी0–2 (विद्युत) (प्रशिक्षु) कार्मिकों को रिक्त पदों/रिक्तियों के विरूद्ध विभिन्न पारेषण खण्डों में आवश्यकतानुसार आवंटित किया जाएगा।
2. **नियुक्तिः**– मुख्य अभियन्ता द्वारा उपरोक्त टी0जी0–2 (विद्युत) (प्रशिक्षु) को विभिन्न पारेषण खण्डों को आवंटन के उपरान्त सम्बन्धित खण्ड के अधिशासी अभियन्ता द्वारा इन टी0जी0–2 (विद्युत) (प्रशिक्षु) के नियुक्ति आदेश निर्धारित प्रारूप पर निर्गत कर आवश्यकतानुसार अग्रेतर तैनाती की जायेगी।
3. **परिवीक्षाः**– परिचालकीय कर्मचारी सेवा विनियमावली 1995 (यथा संशोधित) की धारा 23(1) के अनुसार इस प्रकार नियुक्त अभ्यर्थी कुल 02 वर्ष के परिवीक्षा (प्रोबेशन) पर रहेंगे एवं इन पर उक्त के अन्य समस्त प्राविधान एवं शर्तें लागू होंगी।

क्रमशः ....2

4. **वेतन एवं भत्ते:–** उपरोक्त टेक्नीशियन ग्रेड–2 (विद्युत) (प्रशिक्षु) को वेतन बैण्ड–1 में वेतनमान रू0 5200–20200 सादृश्य ग्रेड वेतन रू0 2600 (अन्य भत्ते उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 में लागू नियमानुसार) देय होंगे।
5. **प्रशिक्षण:–** उपरोक्तानुसार नियुक्ति के पश्चात् इन समस्त टी0जी0–2 (विद्युत) (प्रशिक्षु) को निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एक माह का आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त किया जाना होगा, जिसकी सूचना निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ द्वारा सीधे टी0जी0–2 (विद्युत) (प्रशिक्षु) के तैनाती इकाई से सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता को दी जायेगी। प्रशिक्षण के उपरान्त कार्य का मूल्यांकन असन्तोषजनक पाये जाने पर इनकी प्रशिक्षण अवधि 01 माह और बढ़ा दी जायेगी। इसके उपरान्त भी उनका मूल्यांकन सन्तोषजनक न पाये जाने पर टेक्नीशियन ग्रेड–2 (विद्युत) (प्रशिक्षु) के पद पर उनको दी गयी नियुक्ति निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ की संस्तुति पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा समाप्त की जा सकती है।
6. **स्थानान्तरण:–** आवंटित टी0जी0–2 (विद्युत) (प्रशिक्षु) के स्थानान्तरण कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष के पूर्व किसी भी दशा में आवंटित क्षेत्र/इकाई से बाहर नहीं किया जायेगा।
7. **सचिव विद्युत सेवा आयोग के पत्रांक 1707/विसेआ/12–2015/टी0जी0–2/623 (संशोधित) दिनांक 22.12.2017 के अनुपालन में नियुक्ति पत्र निर्गत करने से पूर्व नियुक्ति अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वह सुनिश्चित कर लें कि :–**
   (1) आवेदन पत्र पर लगी फोटो, हस्ताक्षर, अंगूठा निशान, प्रवेश पत्र पर लगे फोटो, हस्ताक्षर अंगूठा निशान तथा पंजीकरण के समय खींचे गये फोटो, हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान आदि आपस में मेल खाते हैं,
   (2) संगत सेवा विनियम में निहित प्राविधानों का अनुपालन तथा अभ्यर्थियों के अभिलेखों की मूल प्रमाणपत्रों से जॉच कर ली गई है तथा
   (3) अभ्यर्थियों द्वारा कम्प्यूटर ज्ञान से सम्बन्धित संलग्न प्रमाणपत्रों की सम्बन्धित संस्था से प्रमाणिकता की जॉच कर ली गई है।
8. उक्त के अतिरिक्त, कारपोरेशन द्वारा समय–समय पर निर्गत सेवा सम्बन्धी विनियम व अन्य आदेश टी0जी0–2 (विद्युत) (प्रशिक्षु) पर प्रभावी होंगे। विशेष परिस्थितियों में पारेषण मुख्यालय का निर्णय अन्तिम होगा।

निदेशक (का0प्रब0 एवं प्रशा0)

संख्या: (।)–पारे0अनु0–16(ए)/पाट्राकालि–10/2017/तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. मा0 ऊर्जा मंत्री/ऊर्जा राज्य मंत्री, उ0प्र0 सरकार, लखनऊ के निजी सचिव।
2. प्रमुख सचिव (ऊर्जा), उ0प्र0 शासन, बापू भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
3. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
4. निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ के निजी सचिव।
5. मुख्य अभियन्ता (ज0वि0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को उनके पत्र सं0–6148/अ–7/टी0जी0–2(वि0)/सीधी भर्ती/2016 दिनॉक 27.12.2016 के संदर्भ में।
6. मुख्य अभियन्ता (पारे0 मध्य), लखनऊ/(पारे0 पश्चिम), मेरठ/(पारे0 दक्षिण–मध्य), झांसी/(पारे0 दक्षिण–पश्चिम), आगरा/(संचार एवं नियंत्रण), लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित है कि **वह विशेष संदेश वाहक भेजकर अपने क्षेत्र से सम्बन्धित आवंटित टी0जी0–2 के डोजियर इस कार्यालय से अविलम्ब प्राप्त कर लें** तथा कृपया आवश्यकतानुसार विभिन्न पारेषण खण्डों को आवंटित कर यह सुनिश्चित कर लें कि सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता द्वारा उनको आवंटित टी0जी0–2 (विद्युत) (प्रशिक्षु) के नियुक्ति पत्र संलग्न प्रारूप की अनुरूपता में एक सप्ताह के भीतर निर्गत कर दिये गये हैं साथ ही इन टी0जी0–2 (विद्युत) (प्रशिक्षु) के विवरण की जॉच की कार्यवाही नियुक्ति से पूर्व, नियुक्ति पत्र के प्रारूप के प्रस्तर–07 एवं उपरोक्त प्रस्तर–07 के अनुसार सुनिश्चित कर ली गई है।
7. श्री पंकज सक्सेना, अधिशासी अभियन्ता (सम्बद्ध) निदेशक (आपरेशन), शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(ए0के0 श्रीवास्तव)
उप सचिव (पारेषण)